राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# आरटीयू कोटा में नवनिर्मित भवनों, लैब्स एवं अन्य सुविधाओं का लोकार्पण

# हिंदी में भी तैयार की जाए तकनीकी शिक्षा पाठ्यसामग्री – राज्यपाल

जयपुर, 27 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा से जुड़ी पाठ्यसामग्री अंग्रेजी के साथ–साथ हिंदी और स्थानीय भाषाओं में भी तैयार करवाई जाए। उन्होंने स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल और दक्षता विकास के लिए प्रयास किए जाने पर भी बल दिया है।

राज्यपाल श्री मिश्र राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के नवनिर्मित भवनों, लैब्स एवं अन्य सुविधाओं के लोकार्पण समारोह में शुक्रवार को यहां राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट, एयरोनॉटिकल लैब, कैफेटेरिया भवन, 300 किलोवाट के रूफटॉप सोलर प्लाण्ट एवं रिसर्च हब का ऑनलाइन लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के महत्व को देखते हुए ही नई शिक्षा नीति में इसकी गुणवत्ता एवं व्यावहारिक प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने तकनीकी शिक्षण संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से शिक्षण प्रक्रिया में सुधार, शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि कोविड के दौर में जारी ऑनलाइन शिक्षा एक तरफा बन कर नहीं रह जाए और इसमें भी शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच निरंतर दोनों तरफ से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा में जीवन व्यवहार की शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों का समावेश पर्याप्त रूप में होना चाहिए। तकनीकी पाठ्यक्रमों से कला और संस्कृति से जुड़े विषयों को जोड़ा जाएगा तो तकनीकी शिक्षा बोझिल नहीं होगी और विद्यार्थियों को भी आनन्द की अनुभूति होगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाए जिससे वे स्वयं तो रोजागर योग्य बनें ही, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने लायक बन सकें। उन्होंने इसके लिए विश्वविद्यालय में 'स्किल डवलपमेंट सेंटर्स' की अलग से स्थापना करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में विकसित की गई नई लैब्स से विद्यार्थियों को शोध के व्यावहारिक पक्ष को समझने में मदद मिलेगी तथा विश्वविद्यालय में अनुसंधान कार्य को नई दिशा मिलेगी।

कुलपति प्रो. आर.ए. गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

इस अवसर पर  राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, आरटीयू के रजिस्ट्रार श्री नरेश कुमार मालव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

––––